## खबर संक्षेप

### दो लूटपाट कांड के दो शातिर आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** लैलूंगा पुलिस ने लूटपाट के दो मामलों का खुलासा करते हुए इलाके के दो शातिर बदमाशों को दबोच लिया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से दो बाइक बरामद हुई हैं। मामला 27 अगस्त की रात का है, जब बसंत भोय अपने साथी नेहरू भोय के साथ बाइक पर ग्राम राजपुर जा रहा था। डगला पेट्रोल पंप से पेट्रोल भरवाने के बाद जैसे ही वह निकला दो बदमाशों ने गाली-गलौज करते हुए चाबी छीनी और बाइक लूटकर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर थाना लैलूंगा में अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई। पुलिस ने पीड़ित से हुलिया पूछताछ की, जिसमें इंदिरानगर निवासी विक्की सारथी पर शक गहराया। पुलिस ने संदेही को पकड़कर पूछताछ की तो उसने साथी हनीस राठौर के साथ वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की। दोनों की निशानदेही पर लूटी गई बाइक बरामद की गई। पूछताछ में विक्की सारथी ने एक और लूट का खुलासा किया। उसने बताया कि 26 जून को अपने तीन साथियों के साथ इंदिरानगर में सावन पैंकरा से बाइक और तीन मोबाइल फोन लूटे थे। बाइक उसने खुद रखी जबकि मोबाइल उसके साथियों में बांटे गए। इस मामले में अपराध दर्ज है और तीन अन्य आरोपी फरार हैं।

### प्रणवम महोत्सव में जिज्ञासा का जलवा

**रायगढ़।** कृषि महाविद्यालय ऑडिटोरियम में चल रहे प्रणवम फेस्ट 2025 के तीसरे दिन रायगढ़ जिले की छाल नवापारा की बेटी जिज्ञासा दुबे ने अपनी शानदार प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। सब जूनियर श्रेणी के कथक नृत्य प्रतियोगिता में जिज्ञासा ने प्रथम स्थान हासिल कर लगातार दूसरे वर्ष जिले का नाम रोशन किया। 29 अगस्त से 2 सितंबर तक चल रहे इस उत्सव का आयोजन श्वेता नायक और साईं नृत्य निलयम द्वारा किया जा रहा है। तीसरे दिन नृत्य और संगीत की 129 प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। इन्हीं में से जिज्ञासा की भावपूर्ण कथक प्रस्तुति को निर्णायकों ने सर्वश्रेष्ठ घोषित किया। कार्यक्रम में श्रेष्ठ गुरुओं को भी सम्मानित किया गया, जिसमें जिज्ञासा की गुरु जया मानिकपुरी को विशेष सम्मान प्राप्त हुआ।

### पटाखे के अवैध भंडारण पर पुलिस ने की कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा।** जिले में अवैध फटाका की भंडारण एवं बिक्री पर अंकुश लाने के लिए जिला पुलिस द्वारा जांच व कार्रवाई शुरु कर दी गई है। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय जांजगीर में अवैध भंडारित पटाखे जब्त कर पुलिस ने विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। इस सबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की अकलतरा रोड में सागर खत्री द्वारा पटाखे का अवैध भंडारण किया गया है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। जांच के दौरान सागर खत्री के कब्जे से 2 कार्टून में रखे फटाखे जब्त किए गए।

### मर्चुरी में रखे फ्रीजर खराब, इसलिए लाशों की हो रही दुर्गति

# ये कैसा जिला अस्पताल : मरने के बाद शवों को नहीं मिल रहा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जीते जी भले ही इंसान को सम्मान नहीं मिल पाता, लेकिन यहां तो मरने के बाद भी शव सम्मान के लिए तरस रहे हैं। यहां बात हो रही है रायगढ के सरकारी जिला अस्पताल की। जहां इंसानी लाशों के साथ जानवर जैसा सलूक किया जा रहा है। अस्पताल में आने वाले शवों की दुर्गति हो रही है। यहां के मर्चुरी में रखे दो बड़े फ्रीजर करीब सालभर से खराब पड़े हैं। वहीं एक फ्रीजर चालू तो है, लेकिन काफी पुराना होने से वह ठीक तरह से काम नहीं कर रहा है। खुले में रखने की वजह से शव खराब हो रहे हैं और परिजनों को ऐसी ही सड़ी-गली लाशों का अंतिम संस्कार करना पड़ रहा है।

दरअसल जिला अस्पताल के मर्चुरी में तीन बड़े फ्रीजर रखे गए थे, ताकि यहां आने वाले शवों को कुछ दिनों तक सुरक्षित रखा जा सके, लेकिन बीते सालभर से यहां के दो फ्रीजर खराब पड़े हैं। एक फ्रीजर में एसी लगा कर उसे जैसे-तैसे चलाया जा रहा है, लेकिन उक्त फ्रीजर भी ठीक तरीके से काम नहीं कर रहा है और उसमें भी एक ही शव रखा जा सकता है। जिससे बाकी शवों को बाहर रखना पड़ रहा है। ऐसे में एक दिन बाद ही शव खराब होने की स्थिति में पहुंच जा रहा है।





#### लावारिश लाशों का भगवान ही मालिक

जिले में आए दिन लावारिश लाश मिलने के भी मामले सामने आते रहते हैं। सड़क हादसों या अज्ञात कारणों से जब किसी की मौत होती है तो उसे अस्पताल तो पहुंचा दिया जाता है, लेकिन उक्त शव की शिनाख्ती तक उसे अस्पताल के मर्चुरी में रखा जाता है। 72 घंटे में यदि उसकी शिनाख्ती हो गई तो पीएम के बाद शव को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया जाता है और अगर नहीं हुई तो पुलिस ही उसका कफन-दफन करती है, लेकिन यहां तो 24 घंटे में ही लाशें सड़ने लग रही है, ऐसे में लावारिश लाशों का भगवान ही मालिक है।

#### रोज आते हैं आधा दर्जन से अधिक शव

रायगढ़ औद्योगिक जिला बनने के बाद यहां की सड़कों में भारी वाहनों की रेलमपेल भी बढ़ी है। जिसके चलते आए दिन सड़क हादसों में लोगों की जान जा रही है। इसके अलावा अन्य हादसों और खुदकुशी के मामलों में भी लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। ऐसे में जिला अस्पताल में रोजाना आधा दर्जन से अधिक शव पहुंच रहे हैं। एक ही दिन में सभी शवों का पोस्टमार्टम नहीं होने की स्थिति में उन्हें मर्चुरी के फ्रीजर में रखा जाता है, लेकिन यहां सुविधा नहीं होने से शवों को खुले में रखा जा रहा है।

#### दुर्गंध से लोगों का जीना मुहाल

जिला अस्पताल में लावारिश लाशें खुले में जमीन पर पड़े रहते हैं। ऐसे में गंदगी और दुर्गन्ध से न केवल अस्पताल परिसर के मरीज बल्कि आसपास क्षेत्र के लोगों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बीमारी फैलने का खतरा भी मंडरा रहा है। मेडिकल कॉलेज से मुक्त होने के बाद भले ही एक बार फिर जिला अस्पताल अपने अस्तित्व में आ गया हो, लेकिन व्यवस्था में सुधार नहीं होने के कारण अस्पताल स्वयं ही बीमार नजर आ रहा है।



#### सुधार के कंडिशन में नहीं पुराने फ्रीजर

इस संबंध में जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. दिनेश पटेल ने बताया कि जो दो फ्रिजर खराब हैं वो काफी पुराने है। उसे कई बार ठीक कराया गया है, लेकिन कुछ ही दिनों में वह फिर खराब हो जाता है। कंपनी के इंजीनियर्स की मानें तो उक्त फ्रीजर अब सुधार के कंडिशन में नहीं है। वहीं जो एक फ्रीजर चल रहा है वह भी ज्यादा दिन नहीं टिक पाएगा। ऐसे में अस्पताल प्रबंधन द्वारा खुद के फंड से शासन के जेम पोर्टल से दो नए फ्रीजर मंगाए गए हैं। एक फ्रीजर में दो शव रखने की सुविधा होगी, इस तरह कुल चार शव को सुरक्षित रखा जा सकेगा। सप्ताहभर के भीतर उक्त फ्रीजर अस्पताल पहुंच जाएंगे।

### अश्विका ने कथक में दी शानदार प्रस्तुति




चक्रधर समारोह के पांचवे दिन कोरबा की कुमारी अश्विका साव ने अपनी शानदार कथक नृत्य प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया। अश्विका साव तीन वर्ष की आयु से ही कथक का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। वर्तमान में वह लखनऊ घराना से सीनियर डिप्लोमा पूर्ण कर चुकी हैं। वह विद्यालय, स्थानीय, राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के मंचों पर प्रस्तुति देकर कई बार सराही जा चुकी हैं।

## फिल्मी स्टाइल में पकड़ा गया गांजा तस्कर गिरोह, पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

सारंगढ़ कोतवाली पुलिस ने रविवार को फिल्मी अंदाज में पीछा कर गांजा तस्करों को दबोच लिया। दानसरा बैरियर पर चेकिंग के दौरान एक लग्जरी कार और कंटेनर ट्रक पुलिस के संकेत पर न रुककर तेज रफ्तार से भाग निकले। शक होने पर पुलिस ने तत्काल घेराबंदी की और नंदेली बाईपास स्थित एमआरएम राइस मिल के पास दोनों वाहनों को पकड़ने में सफलता हासिल की। जांच में वाहनों से 29 पैकेटो में पैक कुल 91 किलो 320 ग्राम गांजा बरामद हुआ। इस मामले में ओडिशा, हरियाणा और छत्तीसगढ़ सक्ती जिले से जुड़े 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें एक महिला भी शामिल है। सभी को एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल भेजा गया है। गिरफ्तार आरोपियों में हरियाणा के देवेंद्र शर्मा, ओडिशा के श्यामबाबू चौधरी व रंजीत साहू, छत्तीसगढ़ सक्ती जिले के नारायण साहू और उनकी पत्नी संजना साहू शामिल हैं।

# तुझको फिर से जलवा दिखाना ही होगा अगले बरस आना है आना ही होगा...

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर में गणेश चतुर्थी के पांचवें दिन रविवार को चौक-चौराहों के अलावा गली-मोहल्लों में विराजे भगवान गणपति की प्रतिमाओं का विर्सजन किया गया। लोगों ने गाजे- बाजे के साथ नम आखों से बप्पा को विदाई दी। इस दौरान डीजे में तुझको फिर से जलवा दिखाना ही होगा, अगले बरस आना है आना ही होगा जैसे गाने बजते रहें। वहीं लोगों ने गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे भी लगाए। विसर्जन में पहले शहर में कई स्थानों पर भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

शहर में 27 अगस्त से गणेश उत्सव धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। रविवार को पांचवे दिन से गणपति के विसर्जन की प्रक्रिया शुरू हो गई। शहर के अलग-अलग मोहल्लों और पंडालों में विराजे गणपति की प्रतिमाओं को श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे, डीजे की धून और नृत्य के साथ विदाई दी। हर तरफ गणपति बप्पा मोरया के जयघोष गूंजते रहे और नदी व तालाबों में पूजा-अर्चना के बाद प्रतिमाओं का विधिवत विसर्जन किया गया। विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं में जहां बप्पा के विदा होने का भावुक पल था तो वहीं अगले बरस जल्दी आने की उम्मीद भी नजर आई। ज्ञात हो कि रायगढ़ में 10 दिनों तक गणेश उत्सव मनाया जाता है। इस दौरान शहर चौक-चौराहों के अलावा कॉलोनियों में बड़े-बडे पंडालों में गणपति की प्रतिमा विराजित की जाती है। साथ ही रंग-बिरंगी विद्युत झालरों से पंडालों को दुल्हन की तरह सजाया जाता है।



शहरवासियों ने गाजे-बाजे के साथ नम आखों से दी बप्पा को विदाई

#### खर्राघाट में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

शनिवार की शाम बेलादुला खर्राघाट में विघ्नहर्ता की आरती के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इसके बाद रात 8 बजे बच्चों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम को देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में आसपास की महिलाएं, बच्चे व युवा पहुंचे हुए थे। बच्चों की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के बाद प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेता को नगद राशि व शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं जितने भी प्रतिभागियों ने यहां अपनी प्रस्तुति दी उन्हें भी सांतवना पुरूस्कार दिया गया। वहीं रविववार को धूमधाम के साथ बप्पा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

## युवक से मारपीट, निगरानी बदमाश मनोज और उसका साथी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

घरघोड़ा थाना क्षेत्र में निगरानी बदमाश मनोज झरिया और उसके ढाबा में काम करने वाले सुनील सिदार पर पुलिस ने आर्म्स एक्ट की सख्त कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। मामला ग्राम डूमरपाली निवासी 33 वर्षीय लालजीत सोनार की शिकायत पर दर्ज किया गया। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि बीती रात करीब 10 बजे मनोज झरिया ने फोन कर अपने ढाबा बुलाया और जबरन काम करने का दबाव डाला। लालजीत ने मना किया तो आरोपी मनोज और उसके ढाबा कर्मचारी सुनील ने गाली-गलौज करते हुए डंडे और लात-घूंसों से हमला कर दिया, साथ ही धारदार हथियार लहराकर जान से मारने की धमकी दी। डर के मारे लालजीत वहां से भाग निकला और दूसरे दिन थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। शिकायत पर घरघोड़ा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू की। पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल कराते हुए आरोपियों की तलाश की और आरोपी मनोज झरिया के ढाबा पर दबिश दी। मनोज कुमार झरिया थानाक्षेत्र का निगरानी बदमाश है, मौके पर दोनों आरोपी मिले, जिन्हें पकड़कर पूछताछ की गई। पूछताछ में उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया, जिसके बाद मनोज झरिया से घटना में प्रयुक्त डंडा और लोहे का तलवारनुमा हथियार तथा सुनील सिदार से एक डंडा बरामद किया गया। वहीं दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।



## स्थायी वारंटी चोरी की स्कूटी के साथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कापू पुलिस ने कदमचौक से एक स्थायी वारंटी आरोपी को चोरी की स्कूटी बेचने की फिराक में दबोच लिया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति चोरी की स्कूटी बेचने ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते पुलिस ने मौके से संदेही को पकड़ा, जिसके पास से स्कूटी बरामद की गई। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसने 27 अगस्त की रात वन विभाग परिसर, शराब भट्टी के सामने मेन रोड से स्कूटी चोरी की थी। इस संबंध में थाना कापू में अपराध दर्ज है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी देवेंद्र उर्फ राजा उर्फ छोटू डनसेना पिता निवासी कुमरता के खिलाफ पूर्व में धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज है। साथ ही न्यायालय द्वारा उसके खिलाफ स्थायी वारंट भी जारी किया गया था। आरोपी से बरामद चोरी की स्कूटी को पुलिस ने जब्त किया है। वहीं उसे रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## 23 टन अवैध कबाड़ के साथ ट्रक चालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अवैध कारोबार पर शिकंजा कसते हुए कोतरारोड़ पुलिस ने बीती रात भारी मात्रा में कबाड़ का अवैध परिवहन पकड़ा है। इस कार्रवाई में एक ट्रक से 23 टन 120 किलो लोहे का स्क्रैप जब्त किया गया है, जिसकी कीमत करीब सात लाख रुपए है। साथ ही 10 लाख रुपए कीमती ट्रक को भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

#### कोतरारोड पुलिस ने आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा

दरअसल पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बाबाधाम की ओर से एक ट्रक बिना दस्तावेज के कबाड़ लेकर घरघोड़ा की तरफ जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने बाबाधाम चौक के पास घेराबंदी कर ट्रक को रोका। जांच में चालक निरंजन सिंह पिता नागा सिंह निवासी वाजिदपुर, थाना नयागांव, जिला छपरा बिहारए कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। कबाड़ का वजन कराने पर 23 टन 120 किलो लोहे का स्क्रैप निकला, जिसकी कीमत 6 लाख 93 हजार 600 रुपए आंकी गई। पुलिस ने कबाड़ को चोरी की संपत्ति के आधार पर ट्रक समेत जप्त कर लिया है। वहीं आरोपी चालक निरंजन सिंह के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### किरोड़ीमल नगर स्टेशन को चौथी रेल लाइन से जोड़ने का काम पूरा

# 350 श्रमिक, 30 इंजीनियर की मेहनत लाई रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

हावड़ा-मुंबई मुख्य लाइन पर स्थित दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर-झारसुगुड़ा सेक्शन में चौथी लाइन निर्माण का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। इसी क्रम में किरोड़ीमल नगर स्टेशन में यार्ड रिमाडलिंग एवं चौथी लाइन कनेक्टिविटी का कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया है।

यह कार्य दक्षिण पूर्व रेलवे के झारसुगुड़ा स्टेशन में किए जा रहे नॉन इंटरलॉकिंग के शैडो कार्य के रूप में पूरा किया गया, जिससे अतिरिक्त गाड़ियों को प्रभावित किए बिना ही यह संभव हो सका। इस कार्य के शैडो में विभिन्न स्टेशनों पर कई महत्वपूर्ण संरक्षा संबंधी कार्य भी संपन्न किए गए। इन कार्यों के लिए यदि आगे ब्लॉक लिया जाता तो रेल यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता, लेकिन इन्हें इसी ब्लॉक अवधि में संपन्न कर यात्रियों को असुविधा से बचाया गया। यह सब कार्य रेल प्रशासन द्वारा विस्तृत योजना एवं समुचित प्रबंधन के अंतर्गत किया गया है। इस कार्य में 350 से अधिक श्रमिक, 30 इंजीनियर, 18 स्टेशन मास्टर और 4 मुख्य यातायात निरीक्षक भारी बारिश एवं उमस भरे मौसम में भी दिन-रात जुटे रहे। इसके अलावा इस कार्य के दौरान संरक्षा से संबन्धित अनेक ऐसे कार्य भी पूरे किए गए जिन्हें सामान्यतः ब्लॉक लेकर और गाड़ियों को रद्द करके ही पूरा किया जा सकता है। इस दौरान यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया और सभी कार्य बिना किसी अतिरिक्त गाड़ी को प्रभावित किए सम्पन्न किए गए। यह कार्य रेलवे के बेहतर योजना और प्रबंधन का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।



#### यात्रियों को मिलेगी बेहतर सुविधा

इन सभी कार्यों से यार्ड की क्षमताए ट्रैक की मजबूती व स्थायित्व में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। भविष्य में परिचालन और अधिक निर्बाध, संरक्षित एवं समयबद्ध होगा। यात्रियों को बेहतर सुविधा के साथ-साथ माल परिवहन की गति में भी वृद्धि होगी। इससे क्षेत्रीय व्यापार, उद्योग और परिवहन को नए अवसर मिलेंगे और सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों को नई ऊर्जा प्राप्त होगी।

#### संरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण कार्य

- 0 10 टर्नआउट हटाकर 10 नए टर्नआउट डाले गए।
- करीब 2500 मीटर रेल नवीनीकरण का कार्य किया गया।
- साधारण स्विचों का नवीनीकरण करते हुए 14 टीडब्ल्यूएस स्विच लगाए गए।
- फोर्स्ड लेआउट में सुधार किया गया।
- सामान्य क्रॉसिंग को बदलकर वेल्डेबल क्रॉसिंग स्थापित की गई।
- 5 गैपलेस क्रॉसिंग में सुधार किया गया।
- सामान्य सेज के स्थान पर 05 नए थिक वेब सेज लगाए गए।
- रेल लाइन पर 148 एटी वेल्ड्स किए गए।
- 51 ग्लू जॉइंट्स का नवीनीकरण किया गया।
- 100 स्टील चैनल स्लीपर हटाकर एच-बीम स्लीपर लगाए गए।
- 3 टर्नआउट्स का टैम्पिंग कार्य किया गया।




# हिमालय पर्वतारोहण अभियान पर निकली जशपुर की युवा टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर से एक विशेष पर्वतारोहण दल हिमालयी अभियान के लिए रवाना हुआ है। दल में शामिल जशपुर के युवा पर्वतारोही रवि सिंह, तेजल भगत, रूसनाथ भगत, सचिन कुजुर और प्रतीक नायक शामिल है।

जशपुर की पहचान उसकी समृद्ध जनजातीय परंपराओं, प्रकृति-आधारित जीवनशैली और सामूहिकता की भावना से है। हिमालय की ऊंचाइयों पर इन युवाओं का पहुंचना केवल एक खेल उपलब्धि नहीं बल्कि इस बात का प्रतीक है कि कैसे आदिवासी समाज अपनी सांस्कृतिक ताकत और प्रकृति से गहरे रिश्ते को लेकर दुनिया के सामने खड़ा हो रहा है। दल के सदस्य अपनी संस्कृति और साहस अपने साथ लिए हिमालय की ओर बढ़ रहे हैं। यह अभियान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन से संचालित हो रहा है। दल जशपुर से रांची के लिए रवाना हुआ, जहां से वे ट्रेन द्वारा दिल्ली पहुँचेंगे। दिल्ली से आगे टीम जगतसुख पहुँचेगी, जहाँ वे 4 सितम्बर तक की प्रक्रिया पूरी करेंगे। इसके बाद 5 सितम्बर को टीम आधार शिविर की ओर प्रस्थान करेगी। दल को विदा करने के लिए जशपुर जिला प्रशासन एवं वन विभाग के



वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। जशपुर कलेक्टर रोहित व्यास, जशपुर के डीएफओ शशि कुमार, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार और एसडीएम विश्वास मस्के ने टीम को शुभकामनाएँ दीं और उनके सुरक्षित एवं सफल अभियान की कामना की। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि जशपुर की युवा प्रतिभाएँ इस अभियान के द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करने में योगदान प्रदान कर रही हैं। वहीं डीएफओ शशि कुमार ने इसे जिले की उभरती खेल एवं साहसिक गतिविधियों की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। विशेष रूप से, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, जो स्वयं एक अनुभवी पर्वतारोही हैं, ने दल के युवाओं को पर्वतारोहण और ट्रेकिंग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने सुरक्षा उपायों, ऊँचाई पर स्वास्थ्य प्रबंधन और टीम भावना की अहमियत पर बल देते हुए बच्चों को प्रेरित किया। जशपुर के लोग भी इस अभियान को लेकर उत्साहित और गर्वित हैं। साथ ही स्थानीय जय जंगल कंपनी जो इस एक्सपीडिशन के स्पान्सर में से एक है, के संस्थापक समर्थ जैन का कहना है कि यह दल पूरे जिले के लिए प्रेरणा है और आने वाली पीढ़ियों को पर्वतारोहण तथा साहसिक खेलों की ओर अग्रसर करेगा। जगह-जगह लोग बच्चों के हौसले और साहस की चर्चा कर रहे हैं और सभी को उम्मीद है कि वे हिमालय से सफलता और गौरव की नई कहानियाँ लेकर लौटेंगे।

### पर्यावरण संरक्षण और नशामुक्ति जागरूकता अभियान

पर्यावरण संरक्षण और नशामुक्ति की दिशा में जागरूकता। यह पहल न केवल युवाओं को प्रकृति से जोड़ने का कार्य करेगी, बल्कि उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगी। हिमालय अभियान से यह संदेश भी जाएगा कि साहसिक खेलों और पर्वतारोहण के माध्यम से समाज को एक नई दिशा दी जा सकती है। इससे न केवल जशपुर बल्कि पूरे राज्य में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

## खबर संक्षेप

### जिले के 32 क्लस्टर में दीदी के गोठ का प्रसारण



**जशपुर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अन्तगत रेडियो कार्यक्रम "दीदी के गोठ" का प्रसारण जिला पंचायत सभाकक्ष में किया गया। इस दौरान समूह की महिलाएँ, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। रेडियो प्रसारण कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का शुभकामना संदेश के साथ बिहान योजना के दीदियों की कहानी उन्हीं की जुबानी सुनाई गई। जिसमें नारायणपुर की दीदी का कहानी का प्रसारण किया गया। जिले के 32 कलस्टर में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएमएम विजय सरन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अमीन ख़ान और भरत लाल पटेल समेत दीदियाँ उपस्थित रहीं।

### स्वच्छाग्राहियों का प्रशिक्षण सम्पन्न



**जशपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत जनपद पंचायत कांसाबेल के सभाकक्ष में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसके तहत प्रत्येक ग्राम में -घर घर से कचरा संग्रहण करके कचरे का पृथक्करण प्लाटिक अपशिष्ट का प्रबंधन अवशिष्ट बिक्री से आय में वृद्धि, स्वच्छता शुल्क का निर्धारण, सामुदायिक शौचालय का संचालन एवं संधारण स्वच्छ एवं सुन्दर ग्राम का निर्माण की योजना स्वच्छाग्राहियों का सम्मान एव शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभ उनको सेफ्टी किट हेल्थ चेकअप कैंप इत्यादि विषय में जानकारी दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में समस्त 40 ग्राम के सरपंच सचिव एवं प्रत्येक ग्राम पंचायत के 3-3 स्वच्छाग्राहियों के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। उक्त दो दिवसीय प्रशिक्षण में मुख्य कार्यालन अधिकारी जनपद पंचायत संदीप कुमार मरावी जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण मदन प्रेमी यूनिसेफ के जिला समन्वयक उपस्थित थे।

### नदी में डूबने से मासूम बच्चे की मौत

**सीतापुर।** नदी में नहाने के दौरान डूबने से एक मासूम बच्चे की मौत हो गई। बालक कूल से घर आने के बाद नहाने के लिए अपने दोस्तों के साथ निकल गया था। घंटों बाद युवक का शव नदी के किनारे पानी टंकी के पास बरामद किया गया। बालक का शव बरामद करने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है इसके साथ ही घटना की जांच चल रही है। इधर घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत ढेलसरा नवाटोली निवासी 7 वर्षीय अनमोल केरकेट्टा आ. अनिल केरकेट्टा शुक्रवार की शाम 5 बजे स्कूल से लौटा था। स्कूल से आने के साथ ही बालक अपने दोस्तों के साथ नहाने के लिए केशला मांड नदी में चला गया। नहाते समय बचा नदी के तेज बहाव की चपेट में आ गया और बहने लगा। इस दौरान नदी किनारे मौजूद लोगों ने अनमोल केरकेट्टा को बचाने का प्रयास किया लेकिन बहाव तेज होने के कारण वह तेजी से बहता चला गया और पानी में डूब गया। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम दवारा बच्चे की तलाश की जा रही थी। इस दौरान लगभग एक घंटे बाद बच्चे का शव घटना स्थल से लगभग एक किमी दूर पानी टंकी के पास बरामद किया गया। शनिवार को मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। इस घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है और मां-पिता का रो रोकर बुरा हाल है।

### जिला स्तरीय कला उत्सव में बिखेरी प्रतिभा की चमक

# घरघोड़ा के बच्चों ने कला उत्सव में दिखाई प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

जिला स्तरीय कला उत्सव सह वाद-विवाद प्रतियोगिता में घरघोड़ा ब्लॉक के बच्चों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का ऐसा प्रदर्शन किया कि पूरा क्षेत्र गौरवान्वित हो गया। रंगोली से लेकर नृत्य और वादन तक हर मंच पर घरघोड़ा के नन्हें कलाकारों का परचम लहराया।

आयोजन अनुविभागीय अधिकारी घरघोड़ा के मार्गदर्शन में तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार सिंह, बीआरसी मनोज कुमार प्रधान और बीपीओ आशीष शर्मा के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी मेहनत और लगन से रंग बिखेरे। रंगोली प्रतियोगिता में कन्या शाला घरघोड़ा की छात्राएँ प्राची बिशी और प्रिया चौहान ने प्रथम स्थान हासिल कर सबका दिल जीत लिया। वहीं त्रिआयामी मूर्तिकला प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा टेंडा के लव कुमार बेहरा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। समूह नृत्य में शासकीय हाई स्कूल बहिरकेला की मंदाकिनी राठिया और उनकी टीम ने तृतीय स्थान पाया, जबकि एकल नृत्य में पीएम विद्यालय सेजेस घरघोड़ा की दीपांजलि राठिया ने तृतीय स्थान प्राप्त कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वादन प्रतियोगिता में भी पीएम श्री विद्यालय सेजेस घरघोड़ा ने तृतीय स्थान हासिल कर ब्लॉक का मान बढ़ाया। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने बच्चों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों की कला और प्रतिभा का सर्वांगीण विकास आवश्यक है। ऐसे अवसर न केवल बच्चों को आत्मविश्वास प्रदान करते हैं बल्कि भविष्य में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देते हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि आने वाले समय में बच्चों के लिए और भी अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

## सीएसपी ने छात्रों को दी कानूनी जानकारी



**पुसौर।** शनिवार को रायगढ़ पुसौर पुलिस द्वारा थाना परिसर में समन्वय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आर्य विद्या सागर विद्यालय पुसौर के करीब 250 छात्र-छात्राएँ और 10 शिक्षक-शिक्षिकाएँ शामिल हुए। कार्यक्रम में नगर पुलिस अधीक्षक सीएसपी मयंक मिश्रा ने विद्यार्थियों को कानून और पुलिसिंग से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया।

उन्होंने विशेष रूप से साइबर अपराध, महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराध, यातायात नियमों और वर्तमान समय में बढ़ते अपराधों के प्रति जागरूक किया। सीएसपी मिश्रा ने सरल शब्दों में थाना स्तर की कार्यप्रणाली समझाई और हेल्पलाइन नंबरों के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि थानों में महिला एवं बच्चों की सुरक्षा हेतु अलग से महिला डेस्क स्थापित है, जहां किसी भी समस्या पर तुरंत मदद ली जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पुलिस कार्यप्रणाली से जुड़े सवाल पूछे, जिनका सीएसपी ने सहज अंदाज में जवाब दिया। कार्यक्रम के पश्चात नगर पुलिस अधीक्षक ने थाना पुसौर का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक रामकिंकर यादव सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा। निरीक्षण में सीएसपी मिश्रा ने पुलिस स्टाफ से नए कानूनों की जानकारी ली और उन्हें बेसिक पुलिसिंग, जनजागरूकता, नेट ग्रिड, ई-साक्ष्य, ई-समंस, आई-रेड, समन्वय ऐप और सशक्त ऐप जैसे आधुनिक तकनीकी माध्यमों के प्रभावी उपयोग के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित अपराध, शिकायत, मर्ग और गुम प्रकरणों की समीक्षा करते हुए शीघ्र निराकरण के आदेश दिए। साथ ही विवेचकों और स्टाफ के साथ बैठक कर लंबित मामलों के निपटारे हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए।

# सरस्वती शिशु मंदिर सरिया में खेलकूद प्रतियोगिता



**सरिया।** सरस्वती शिशु मंदिर सरिया में विभाग स्तरीय खो खो एवं कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न हुआ। जिसमें सारंगढ़ बिलाईगढ़, रायगढ़ एवं जशपुर जिले के नगरीय निकाय के बीस स्कूलों ने अपना नाम दर्ज किया था। इसमें से 10 स्कूलों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया।

दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में करीब 200 से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रविवार को प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरिया के डॉक्टर ऋषभ शर्मा ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल बहुत जरूरी है। यह जीवन का एक अभिन्न अंग भी है। इसके बिना छात्र-छात्राएं आगे नहीं बढ़ सकते। खेल को बढ़ावा देने के लिए गांव से लेकर शहर तक सरकार हर संभव विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। सरस्वती शिशु मंदिर सरिया ने भी एक अच्छी जिम्मेदारी का पालन करते हुए स्कूली बच्चों के दो दिवसीय इस प्रोग्राम में जो कार्य किया। वह सराहनीय है। मैं समस्त प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई देता हूं कि उन्होंने यहां आकर अच्छा प्रदर्शन किया। आने वाले दिनों में भी अपना अच्छा प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ेंगे। इस मौके पर थाना प्रभारी मोती डनसेना ने भी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के मनोबल को बढ़ाते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। सरस्वती शिशु मंदिर सरिया की , पंचानन दास व्यवस्थापक, अरविंद प्रधान अध्यक्ष, समिति पदाधिकारी एवं संस्था के शिक्षक शिक्षिकाओं ने तन मन के साथ अतिथि खिलाड़ियों के सहयोग में कार्य किया है। इसके लिए वे भी बधाई के पात्र हैं। अंत में विजेता टीम को मुख्य अतिथि के हाथों प्रस्तुति पत्र, मेडल एवं शील्ड भेंट कर सम्मान किया गया।

# रजत महोत्सव अंतर्गत प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पंजीयन हेतु विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ रजत महोत्सव अंतर्गत शनिवार को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजनांन्तर्गत पंजीयन हेतु चलाया गया विशेष अभियान इसके तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत एकीकृत बाल विकास परियोजना फरसाबहार के आंगनाबाडी केन्द्रों में महतारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आंगनबाडी केन्द्रों के पात्र सभी गर्भवती माताओं का पीएमवीवाय पोर्टल पर पंजीयन किया गया। इस शिविर में आंगनबाडी केंद्रों के बच्चे, गर्भवती-शिशुवती माताएं, अन्य महिलाएं एवं किशोरी बालिकाएं उपस्थित हुए।

इसी प्रकार एकीकृत बाल विकास परियोजना पत्थलगांव में प्रधानमंत्री मातृ वंदना पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया।



जिसमें मातृ वंदना योजना के पात्र हितग्राहियों को समस्त दस्तावेजों के साथ बुलाकर पंजीयन किया गया। इसके साथ ही अन्य शामिल गर्भवती, शिशुवती एवं अन्य महिलाओं को योजना के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए इसके महत्व, उद्देश्य, फॉर्म पंजीयन हेतु आवश्यक दस्तावेज, पात्रता एवं अपात्रता के विषय में जानकारी दी गई। एकीकृत बाल विकास परियोजना बगीचा में छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव कार्यक्रम के तहत महतारी मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें किशोरी बालिकाओं, महतारी वंदन की हितग्राही महिलाओं, कुपोषित बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई।

## अवैध शराब बनाने और बेचने वालों के खिलाफ महिलाओं का हल्ला बोल,कार्रवाई की मांग

**कोतबा।** अवैध शराब बनाने और बेचने वालों के खिलाफ गांव की महिलाओं का विरोध प्रदर्शन एक बार फिर सामने आया है। महिलाओं ने गांव में रैली निकालकर इसका जमकर विरोध किया हैं। उन्होंने गांव को नशामुक्त समाज बनाने की पहल करते हुये लोगों को जागरूक होने की अपील की हैं. महिलाओं ने इसके लिए बाकायदा कोतबा चौकी में आवेदन देकर अवैध महुआ शराब के दुष्परिणाम व उनके परिवारजनों में रही समस्या को बताया है। पुलिस के अनुसार ग्राम पंचायत बुलड़ेगा में महिलाओं ने एक समिति गठित की हैं। गठित समिति में निर्णय लिया गया है कि गांव में अवैध महुआ शराब बड़े पैमाने पर बनाया और बेचा जाता हैं। जिससे उनके परिवार के नाबालिक बच्चे घर के राशन समान व अन्य उपयोगी वस्तुओं को बेचकर शराब का सेवन करते हैं। शराब सेवन से गांव में गाली-गलौच होती है और अशांति बनी हुई है। जिसके कारण शनिवार को पुलिस को आवेदन देकर गांव में रैली निकालकर लोगों को समझाइश देकर कहा गया है ।

# गणेश प्रतिमा का विसर्जन, बाजे गाजे के साथ निकली युवाओं की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

नवयुवक गणेश महोत्सव समिति गरियादोहर द्वारा पांच दिवसीय गणेश उत्सव का आयोजन बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा भाव के साथ संपन्न हुआ। गणेश चतुर्थी के अवसर पर पूरे गांव में धार्मिक उत्साह और भक्ति का माहौल बना रहा। घर-घर और मंदिरों में गणपति बप्पा मोरया के जयकारे गूंजते रहे।

पांच दिनों तक गणेश की प्रतिमा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना, आरती एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। संध्या आरती के समय भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ती थी और पूरा पंडाल भक्तिरस से सराबोर हो जाता था। बच्चों और युवाओं ने भी उत्सव में पूरे उत्साह के साथ भागीदारी की। समिति की ओर से इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। लिटिल चैंप



प्रतियोगिता में नन्हें-मुन्ने बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी का दिल जीत लिया। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में महिलाओं एवं युवतियों ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। धार्मिक ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बच्चों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे गणेश उत्सव का माहौल और भी रोचक बन गया। गणेश उत्सव के पांचवें दिन पूरे विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ गणेश की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। विसर्जन जुलूस में ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन के बीच भक्तगण नाचते-गाते हुए शामिल हुए। पूरा वातावरण गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ... के नारों से गूंज उठा।

## विप्र फाउण्डेशन रायगढ़ व अपोलो बिलासपुर की अभिनव पहल

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम

**रायगढ़।** सामाजिक संस्था विप्र फाउंडेशन रायगढ़ एवं अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर संयुक्त तत्वाधान में आज 31 अगस्त को सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक लोगों को स्वास्थ्य लाभ देने के पवित्र उद्देश्य से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शहर के ओलिव डायग्नोस्टिक नटवर स्कूल के पास, भवानी मेडिकल रायगढ़ में किया गया। जिसमें रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया की प्रदेश अध्यक्ष उषा आफले संस्कार पब्लिक स्कूल के डॉयरेक्टर और मोटीवेटर रामचंद्र शर्मा, विप्र फाउंडेशन अध्यक्ष अध्यक्ष विजय शर्मा, महिला विप्र फाउंडेशन अध्यक्ष श्रीमती बीना शर्मा, जिला महामंत्री श्रीमती श्वेता शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।



**नामचीन चिकित्सकों ने दी सेवाएं:** विप्र फाउंडेशन के अध्यक्ष विजय शर्मा व महिला महामंत्री श्रीमती श्वेता शर्मा ने बताया कि इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में वरिष्ठ स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. सोफिया सुल्ताना एम.बी.बी.एस., एम.एस., ओ.बी.सी. एम.आर.सी.ओ.जी (यू.के.) अपोलो हॉस्पिटल्स बिलासपुर व हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक कौशले एम.बी.बी.एस. (सिम्स), एम.डी. (मेडिसिन) एम.जी.एम.एम.सी. इंदौर, डी.एन.बी. (मेडिसिन) एन.बी.ई. न्यू दिल्ली एंड डी. एम. (हृदय रोग) गोल्ड मेडल (बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय) शिरकत कर अपनी सेवाएं दी। वहीं शिविर में ईसीजी, ब्लड प्रेशर, शुगर एवं जनरल वाइटल्स की निःशुल्क जांच कर समस्याओं की जानकारियां दी गई। वहीं एक दिवसीय इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम में लगभग 150 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया।

### महिलाएं स्वास्थ्य के प्रति सजगता बरतें

स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सोफिया सुल्ताना ने बताया कि युवतियों व महिलाओं में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता की कमी है। जिससे उनको कई तरह की शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वहीं इन दिनों ब्रेस्ट कैंसर व सर्वाइकल कैंसर की समस्या बढ़ी है। इसके मूल कारण जीवन शैली में परिवर्तन, तनाव, खान - पान व पर्यावरण भी उत्तरदायित्व है। युवतियों व महिलाओं को चाहिए कि तीस की उम्र के पश्चात अपने स्वास्थ्य की जांच अवश्य कराएं व अपने स्वास्थ्य के प्रति विशेष सजगता बरतें।

### मरीजों की राहत देख हुई खुशी

विप्र फाउंडेशन अध्यक्ष विजय शर्मा ने कहा कि आज हमें बहुत संतोष है कि विप्र फाउंडेशन और अपोलो हॉस्पिटल के साथ मिलकर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यहाँ आए हर मरीज के चेहरे पर राहत देख कर लगा कि हमारी मेहनत सफल हुई। हमारा सपना है कि रायगढ़ का कोई भी परिवार इलाज के अभाव में तकलीफ़ न झेले। यही प्यार और आशीर्वाद हमें आगे भी ऐसे शिविर करने की ताक़त देगा।

# रोटरी क्लब रॉयल के रक्तदान शिविर में 46 यूनिट रक्त संग्रहित




**रायगढ़।** समाज सेवा और मानवता के प्रति समर्पण की भावना को आगे बढ़ाते हुए रोटरी क्लब ऑफ रायगढ़ रॉयल ने आज लक्ष्य ब्लड बैंकए अनुपम डॉयग्नोस्टिक कोतरा रोड़ में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस नेक शिविर में समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया और कुल 46 यूनिट रक्तदान कर जरूरतमंदों के लिए जीवनदायिनी सहयोग प्रदान किया।वहीं इस शिविर की विशेषता यह रही कि रोटरी क्लब के सदस्यों ने भी स्वयं रक्तदान कियाए जिससे समाज में एक सकारात्मक संदेश गया कि जब सेवा की बात आती है तो संगठन के सदस्य सबसे आगे खड़े रहते हैं।

- लोगों ने उत्साह के साथ किया रक्तदान

### इनकी रही विशेष पहल

कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के प्रेसिडेंट रोटेरियन दयानंद अग्रवाल एवं सेक्रेटरी रोटेरियन नवनीत अग्रवाल ने की।शिविर का सफल संचालन प्रोग्राम चेयरमैन रोटेरियन डॉ. अरुण सोनल केडिया और रोटेरियन गौरव अग्रवाल द्वारा किया गया।




# टाइगर श्रॉफ की 'बागी 4' का नया पोस्टर रिलीज...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ जल्द ही फिल्म 'बागी 4' में नजर आएंगे। उनकी इस फिल्म के निर्देशन की कमान ए हर्ष ने संभाली है, जिन्हें 'भजरंगी' और 'वेधा' जैसी कन्नड़ फिल्मों के लिए जाना जाता है। इस फिल्म में संजय दत्त, हरनाज संधू और सोनम बावजा भी मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। अब निर्माताओं ने 'बागी 4' का नया पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें संजय, टाइगर, सोनम और हरनाज का खौफनाक अवतार दिख रहा है। सामने आए पोस्टर में संजय, टाइगर, सोनम और हरनाज को खून से लथपथ देखा जा सकता है। 'बागी 4' का ट्रेलर रिलीज हुआ, वहीं यह फिल्म 5 सितंबर को दर्शकों

लाइफ Style



# कंगना

## 'क्वीन 2' और 'तनु वेड्स मनु 3' की तैयारी में जुटीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री कंगना रनौत को पिछली बार फिल्म 'इमरजेंसी' में देखा गया था, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर उनकी यह फिल्म मुंह के बल गिरी। आने वाले समय में कंगना एक से बढ़कर एक फिल्मों में अभिनय करती नजर आएंगी, जिसमें 'क्वीन' का सीक्वल और 'तनु वेड्स मनु' की तीसरी किस्त शामिल हैं। अब 'क्वीन 2' और 'तनु वेड्स मनु 3' को लेकर धांसू अपडेट सामने आया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 'इमरजेंसी' की असफलता के बाद अब कंगना 'क्वीन 2' और 'तनु वेड्स मनु 3' की तैयारी में जुट गई हैं। पहले 'क्वीन 2' की बात करते हैं, जिसके निर्देशन की कमान विकास बहल ने संभाली है। फिल्म की कहानी लिखकर तैयार हो चुकी है। इसकी शूटिंग भारत और विदेशों में होगी। 'क्वीन' के सीक्वल की शूटिंग इस साल नवंबर में शुरू होगी और यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। 'क्वीन 2' की शूटिंग खत्म करने के बाद कंगना फिल्म 'तनु वेड्स मनु 3' पर काम करने वाली हैं। इस फिल्म की कहानी पहले ही लिखी जा चुकी है। आनंद एल राय इस फिल्म का निर्देशन करने वाले हैं। इसमें कंगना के साथ एक बार फिर अभिनेता आर माधवन नजर आएंगे।

एक रिपोर्ट के अनुसार, 'इमरजेंसी' की असफलता के बाद अब कंगना 'क्वीन 2' और 'तनु वेड्स मनु 3' की तैयारी में जुट गई हैं। पहले 'क्वीन 2' की बात करते हैं, जिसके निर्देशन की कमान विकास बहल ने संभाली है। फिल्म की कहानी लिखकर तैयार हो चुकी है।

हॉलीवुड मसाला



# जोली की बेटी ने छोड़ा घर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार एंजेलिना जोली अपनी बेटी को लेकर इस वक्त परेशान हैं। हाल ही में बेटी ने उनका घर छोड़कर अपनी गर्लफ्रेंड डांसर केओनी रोज के साथ रहना शुरू कर दिया है। इस बात से एंजेलिना जोली नाराज हैं। कहा जा रहा है कि एंजेलिना की बेटी शिलोह पिछले कुछ हफ्तों से अपनी गर्लफ्रेंड के साथ रह रही है। दरअसल, एंजेलिना चाहती हैं कि बच्चे उनके साथ ही रहें।



# कौन हैं रैपर फ्रेंच की मंगेतर और दुबई की राजकुमारी शेखा

**लॉस एंजिल्स।** मोरक्को-अमेरिकी रैपर फ्रेंच मोंटाना पिछले काफी समय से अपनी निजी जिदंगी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। उनका नाम लगातार दुबई की राजकुमारी शेखा माहरा से जुड़ रहा है। अब आखिरकार मोंटाना ने अपनी गर्लफ्रेंड शेखा से सगाई कर ली है। रैपर के प्रतिनिधि ने खुद इस खबर की पुष्टि की है। मोंटाना और शेखा ने इस साल जून में पेरिस फैशन वीक के दौरान एक-दूजे को अंगूठी पहनाई।

***शेखा माहरा कौन हैं?*** : माहरा संयुक्त अरब अमीरात के प्रधानमंत्री और दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम की बेटी हैं। उनका जन्म 26 फरवरी, 1994 को दुबई में हुआ था। उन्होंने अपनी शुरुआती पढ़ाई दुबई के एक निजी स्कूल से की। इसके बाद वह लंदन चली गईं, जहां से उन्होंने अंतरराष्ट्रीय संबंधों में डिग्री हासिल की। 31 वर्षीय शेखा समाजसेवा और परोपकारी कार्यों के लिए जानी जाती हैं।



# 'डू यू वाना पार्टनर' का ट्रेलर जारी...

**मुंबई।** ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो की आने वाली वेब सीरीज 'डू यू वाना पार्टनर' का दर्शक बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस सीरीज के निर्देशन की कमान अर्चित कुमार और कॉलिन डी कुन्हा ने संभाली है, वहीं करण जौहर इसके निर्माता हैं। 'डू यू वाना पार्टनर' में तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी मुख्य भूमिका निभा रही हैं। अब निर्माताओं ने इस सीरीज का धमाकेदार ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें तमन्ना और डायका बेबाक अंदाज दिख रहा है।

'डू यू वाना पार्टनर' एक नए दौर की मजेदार और अनोखी कॉमेडी-ड्रामा है, जिसकी कहानी दो सहेलियों- शिखा (तमन्ना भाटिया) और अनाहिता (डायना पेंटी) के इर्द-गिर्द घूमती है। दोनों मिलकर अपना अल्कोहल स्टार्टअप शुरू करने का सपना देखती हैं।



# 'हाटक' से सामने आई पहली झलक...

**मुंबई।** अभिनेत्री अदा शर्मा को पिछली बार फिल्म 'तुमको मेरी कसम' में देखा गया था, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह मुंह के बल गिरी।

अब अदा क्राइम थ्रिलर फिल्म 'हाटक' में नजर आएंगी, जिसके निर्देशन की कमान अजय के शर्मा ने संभाली है। इस फिल्म के जरिए वह निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। आखिरकार 'हाटक' से अदा की पहली झलक सामने आ गई है, जिसमें उनका धाकड़ अवतार दिख रहा है। 'हाटक' के मोशन पोस्टर में अदा हाथ में बंदूक पकड़े खतरनाक अंदाज में नजर आ रही हैं। उनके किरदार का नाम शिवरंजनी आचार्य है। अदा ने इंस्टाग्राम पर मोशन पोस्टर साझा करते हुए लिखा- 'हाटक- एक डकैती, बिना रहम के। शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है। आप सबका आशीर्वाद चाहिए।'

टीवी मसाला



# 'बिग बॉस 19': कौन हैं कुनिका सदानंद जिनके समर्थन में उतरीं गौहर खान

**मुंबई।** सलमान खान की मेजबानी वाले रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' के घर में बहस और टकराव का माहौल बना हुआ है। शो में पहले दिन से ही झगड़े और तकरार देखने को मिल रहे हैं। 'बिग बॉस 19' के घर में एक ऐसी प्रतियोगी हैं, जिनसे हर किसी की बहस हो जाती है और वो हैं कुनिका सदानंद। अब 'बिग बॉस 7' की विजेता गौहर खान ने कुनिका का समर्थन किया है।

## वो तुम्हारी मां की उम्र की हैं : गौहर

जौहर ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा, 'कुनिका सदानंद के लिए बुरा लग रहा है। सब लोग बदतमीजी करके चले जाते हैं। वो तुम्हारी मां की उम्र की हैं। थोड़ी दया करो... मुझे लगता है कि हर कोई उनके लहजे को गलत समझ रहा है। गौहर के अलावा कई सोशल मीडिया यूजर्स भी कुनिका का समर्थन कर रहे हैं। उनकी सोशल मीडिया पर खूब चर्चा हो रही है।

## गायिका भी हैं कुनिका

कुनिका एक भारतीय अभिनेत्री, अधिवक्ता, निर्माता और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। अभिनेत्री होने के साथ-साथ वह एक गायिका भी हैं। उन्होंने 1996 में 'लाखों में एक' और 2002 में 'कुनिका' नामक पॉप एल्बम जारी किए थे। इसके अलावा कुनिका ने साल 2006 में अपना तीसरा एल्बम 'जूमबिश' रिलीज किया था, जिसे काफी पसंद किया गया। कुनिका ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत 28 साल की उम्र में 1988 में आई एक हॉरर हिंदी फिल्म 'कब्रिस्तान' से की थी।

## कुनिका ने इन फिल्मों में किया काम

कुनिका ने 'किंग अंकल', 'कोहरा', 'आ गले लग जा', 'बाजी', 'लोफर', 'फरेब', 'हम साथ साथ हैं' और 'फगली' जैसी फिल्मों में काम किया है। उन्होंने 'बेटा', 'गुमराह' और 'खिलाड़ी' जैसी फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभाई हैं। कुनिका की 2 शादियां हुई हैं। उनकी पहली शादी अभय से हुई थी, जिससे उनका एक बेटा अरिहंत है। उनकी दूसरी शादी श्री लाल से हुई थी। बता दें कि कुनिका का नाम गायक कुमार सानू से भी जुड़ चुका है।

# तेजा सज्जा की 'मिराई' अगले माह होगी रिलीज

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता तेजा सज्जा पिछले काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'मिराई' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस एक्शन एडवेंचर फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म के निर्देशन की कमान कार्तिक गट्टामनेनी ने संभाली है। अब निर्माताओं ने फिल्म 'मिराई' का दमदार ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें तेजा जबरदस्त एक्शन करते दिख रहे हैं।



## 12 सितंबर को रिलीज होगी फिल्म

'मिराई' में मांचू मनोज, रितिका नायक, श्रिया सरन, जयराम, जगपति बाबू, राजेंद्रनाथ जुत्शी, पवन चोपड़ा और तनजा केलर जैसे कलाकार भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। यह फिल्म 12 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह एक पैन-इंडिया फिल्म है, जिसे आप हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषा में देख पाएंगे। बता दें कि करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शंस हिंदी बाजार में इस फिल्म को रिलीज करेगी, जिससे फिल्म को ज्यादा दर्शक और स्क्रीन्स मिलने की उम्मीद है।

# पांच गायकों की दास्तान : बॉलीवुड के सबसे अमीर गायक, दिल को छू जाती है जिनकी आवाज

**मुंबई।** कोई भी बॉलीवुड फिल्म बिना गानों के पूरी नहीं हो सकती, जो उसे और मनोरंजक बना देते हैं। इन गानों को आवाज देने वाले गायक अपनी प्रतिभा से सभी को अपना मुरीद बना लेते हैं। भारत में कई कुशल गायक हैं, जिनकी आवाज कानों से होते हुए सीधा दिल को छूती है। इन सभी ने न केवल लोगों का प्यार, बल्कि करोड़ों की संपत्ति भी कमाई है। आइए बॉलीवुड के 5 सबसे अमीर गायकों के बारे में जानते हैं।

**एआर रहमान** : एआर रहमान का नाम इस सूची में सबसे ऊपर आता है, जो कि सबसे मशहूर गायक और संगीतकार हैं। वह न केवल हिंदी, बल्कि तमिल और मलयाली समेत 12 भाषाओं में गाने बना चुके हैं। उन्होंने अब तक 2,000 से ज्यादा गाने बनाए हैं और 100 से ज्यादा को आवाज दी है। रहमान की 20 करोड़ से ज्यादा एल्बम बिक चुकी हैं। इन सबकी बदौलत आज वह 1,700 करोड़ से 2,000 करोड़ रुपये की संपत्ति के मालिक बन गए हैं।

**अरिजीत सिंह** : अरिजीत सिंह को संगीत का पर्याय माना जाता है, जिनकी रूहानी आवाज भावुक कर देती है। वह इस सदी के सबसे पसंदीदा गायक हैं, जो बॉलीवुड के दूसरे सबसे अमीर गायक भी हैं। उनकी प्रसिद्धि का अंदाजा



इस बात से लगाया जा सकता है कि वह स्पॉटिफाई पर दुनियाभर में सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले कलाकार हैं। अरिजीत ने अपनी प्रतिभा के जरिए 414 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। इसके बावजूद भी वह साधारण जीवन जीते हैं।

**सोनू निगम** : जब भी बॉलीवुड के गायकों की बात होती है, सोनू निगम का नाम आना लाजमी है। वह देश के सबसे बेहतरीन गायकों में से एक हैं, जो शास्त्रीय संगीत में भी पारंगत हैं। उन्होंने 4 साल की उम्र में गाना शुरू किया था और आज उनके जैसा बहुमुखी गायक कोई और नहीं है। 'अच्छा सिला दिया' गीत ने उन्हें पहचान दिलाई, जिसके बाद उन्होंने एक के बाद एक हिट गाने गए। उनकी कुल संपत्ति 370 करोड़ रुपये है।

**तुलसी कुमार** : टी सीरीज के मालिक स्वर्गीय गुलशन कुमार की बेटी तुलसी कुमार बॉलीवुड की सबसे अमीर महिला गायक हैं। वह बतौर रेडियो जॉकी भी काम कर चुकी हैं। उन्होंने 2006 में 'मोहब्बत के' गाने से करियर की शुरुआत की थी, जिसके बाद उन्हें कई हिट गानों को आवाज देने का मौका मिला। तुलसी के 'तुम जो आए', 'हम मर जाएंगे' और 'तेरा बन जाऊंगा' जैसे गाने बेहद प्रसिद्ध हुए हैं। उनकी कुल संपत्ति 210 करोड़ रुपये है।

**श्रेया घोषाल** : 'सुरों की रानी' कहलाई जाने वाली श्रेया घोषाल किसी पहचान की मोहताज नहीं। उनकी सुरीली आवाज कानों में मिश्री घोल देती है और दिल जीत लेती है। वह अपने करियर के दौरान 20 से अधिक भाषाओं में 3,000 से ज्यादा गाने गा चुकी हैं। श्रेया ने कई पुरस्कार जीते हैं, जिनमें 5 राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और 7 फिल्मफेयर शामिल हैं। आपको जानकर खुशी होगी कि अपनी प्रतिभा के जरिए वह 200 करोड़ रुपये की संपत्ति की मालकिन बन गई हैं।

## जबरिया जोड़ी' ने दुनियाभर में केवल 25.24 करोड़ रुपए की कमाई की थी

# सिद्धार्थ को 'परम सुंदरी' से बढ़ीं उम्मीदें, पिछली 5 फिल्मों का ऐसा रहा रिपोर्ट कार्ड

***मुंबई।*** *काफी समय से सिद्धार्थ मल्होत्रा फिल्म 'परम सुंदरी' को लेकर चर्चा में हैं। आखिरकार उनकी यह फिल्म 29 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में सिद्धार्थ की जोड़ी पहली बार जाहनवी कपूर के साथ बनी है। अनुमान लगाया जा रहा है कि इसकी बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत धमाकेदार रहेगी। इसी कड़ी में आइए हम आपको सिद्धार्थ की सिनेमाघरों में आईं पिछली 5 फिल्मों और बॉक्स ऑफिस पर उनके प्रदर्शन के बारे में बताते हैं।*



**'अय्यारी'** : शुरुआत करते हैं साल 2018 में आई फिल्म 'अय्यारी' से, जिसका निर्देशन नीरज पांडे ने किया था। इसमें सिद्धार्थ के अलावा मनोज बाजपेयी, रकुल प्रीत सिंह, नसीरुद्दीन शाह और अनुपम खेर जैसे कलाकार नजर आए थे। फिल्म की कहानी लोगों को खूब पसंद आई, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी। 65 करोड़ रुपये की लागत में बनी फिल्म 'अय्यारी' ने दुनियाभर में केवल 30.59 करोड़ रुपये कमाए थे। इस फिल्म को आप जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

**'जबरिया जोड़ी'** : साल 2019 में सिद्धार्थ फिल्म 'जबरिया जोड़ी' लेकर आए थे। फिल्म में उनकी जोड़ी परिणीति चोपड़ा के साथ बनी थी। पहली बार बनी इनकी जोड़ी को लेकर लोगों के बीच जबरदस्त उत्साह था, लेकिन पर्दे पर आते ही पूरा माहौल ठंडा हो गया। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। इस फिल्म ने दुनियाभर में केवल 25.24 करोड़ रुपये की कमाई की थी, जबकि इसका बजट 30 करोड़ रुपये था। यह फिल्म जी5 पर उपलब्ध है।

**'योद्धा'** : पिछली बार सिद्धार्थ फिल्म 'योद्धा' में नजर आए थे, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इसे दर्शक नसीब नहीं हुए। इस फिल्म ने दुनियाभर में केवल 53.5 करोड़ रुपये की कमाई की थी, जबकि इसको बनाने में 55 करोड़ रुपये लगे थे। राशि खन्ना और दिशा पाटनी ने भी इस फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाया था। फिल्म के निर्माता करण जौहर हैं। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है।

***'मरजावां'*** *: सिद्धार्थ की फिल्म 'मरजावां' को 15 नवंबर, 2019 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। इसमें रितेश देशमुख, रकुल प्रीत सिंह और तारा सुतारिया जैसे कलाकारों ने भी अभिनय किया था। मिलाप जावेरी के निर्देशन में बनी यह फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। 'मरजावां' ने दुनियाभर में 62 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। इस फिल्म को बनाने में 50 करोड़ रुपये लगे थे। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है।*

***'थैंक गॉड'*** *: सिद्धार्थ की फिल्म 'थैंक गॉड' ने दर्शकों का जमकर मनोरंजन किया था। इसमें अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह ने भी अहम भूमिका निभाई थी। इंद्र कुमार के निर्देशन में बनी इस फिल्म से निर्माताओं को बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह मुंह के बल गिरी। 70 करोड़ रुपये की लागत में बनी फिल्म 'थैंक गॉड' ने दुनियाभर में केवल 48.99 करोड़ रुपये कमाए थे। अमेजन प्राइम वीडियो पर यह फिल्म देखी जा सकती है।*

## खबर संक्षेप

### बैठक कर बीमारियों की रोकथाम पर जोर

**सरसीवा।** जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय ने आज सारंगढ़ में बिलाईगढ़, सारंगढ़ और बरमकेला के बीएमओ अधिकारियों संग बैठक ली। उन्होंने सर्दी-बुखार, खांसी, मलेरिया, फाइलेरिया, टीबी व लेप्रोसी जैसी मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए सघन जांच और दवा उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। अध्यक्ष पांडेय ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के डॉक्टरों को नियमित रूप से उपस्थित रहकर मरीजों का इलाज करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की।

### 150 लीटर अवैध महुआ शराब किया जब्त

**सरसीवा।** जिले में अवैध नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत भटगांव थाना पुलिस ने ग्राम सलोनीकला (सबेरिया डेरा) में तड़के सुबह दबिश देकर बड़ी कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन और अति. पुलिस अधीक्षक निमिषा पांडेय के मार्गदर्शन में एसडीओपी विजय ठाकुर के पर्यवेक्षण में की गई इस कार्यवाही के दौरान डेरा के पुरुष पुलिस को देख भाग निकले। हालांकि पुलिस ने मौके से करीब 3 क्विंटल लहान, शराब बनाने के उपकरण नष्ट किए और 150 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की। कार्रवाई में थाना प्रभारी टीआई राजेश चंद्रवंशी सहित भटगांव थाना स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

### राज्यपाल से सम्मानित होंगी प्रियंका

**कटेली।** शाप्राथ शाला दहिदा के प्रधान पाठक प्रियंका गोस्वामी शिक्षक दिवस पर 5 सितंबर 2025 को राजभवन में राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित होंगे। प्रियंका गोस्वामी को यह सम्मान उनके शैक्षणिक सेवा के क्षेत्र में समर्पण एवं अपने विषय में नवीन प्रयोगों के कारण दिया जा रहा है। वे प्रधान पाठक के साथ आशु कवयित्री, साहित्यकार, बेहतरीन मंच संचालक, अनुशासन प्रिय शिक्षिका एवं विद्यार्थी हितों के लिए तत्पर शिक्षिका हैं । इस तरह प्रियंका गोस्वामी ने विभिन्न स्कूलों में अपनी सेवाएं देते हुए अपने विद्यालय को एक मॉडल बनाया। सामुदायिक सहभागिता व स्व व्यय से विद्यार्थियों के लिए टाई, बेल्ट, आई कार्ड, पानी बोतल, जूता, मोजा, स्वेटर आदि की व्यवस्था करतीं हैं।

## श्रद्धांजलि

### वैजनाथ पटेल



**तमनार।** केलो बनांचल आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र तमनार के ग्राम लालपुर खार के समाजसेवी वैजनाथ पटेल (75 वर्ष) का 20 अगस्त को निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। दशकर्म कार्यक्रम में सैकड़ों परिजन, सामाजिक बंधु, ग्रामीणजन और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। दशकर्म में पूर्व मंत्री सत्यानंद राठिया, नगर निगम सभापति डिग्रीलाल साहू सहित कई वरिष्ठजन उपस्थित होकर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की।

### चक्रधर समारोह की चौथी शाम: सुर, ताल और लय से सराबोर हुआ रायगढ़

# चक्रधर समारोह : दिल्ली से आए अनीस साबरी की कव्वाली ने दर्शकों को झूमने किया मजबूर












हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ख्याति प्राप्त चक्रधर समारोह के 40वें वर्षगांठ के चतुर्थ दिवस रायगढ़ का रामलीला मैदान संगीतमय और सांस्कृतिक रंगों में डूबा रहा। छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग, पर्यटन मंडल एवं जन सहयोग से जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस ऐतिहासिक समारोह में ओडिशी, कथक, पंथी नृत्य, सितार वादन और कव्वाली की अद्भुत प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे भिलाई छत्तीसगढ़ के पद्मश्री राधेश्याम बारले की टीम, जिन्होंने पंथी नृत्य की ऊर्जामयी प्रस्तुति से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। पंथी की सुर, ताल और लय पर दर्शक स्वयं को थिरकने से रोक नहीं पाए।

वहीं, दिल्ली से आए जनाब अनीस साबरी ने अपनी कव्वाली से मंच को सूफियाना रंग में रंग दिया और उपस्थित दर्शकों को आध्यात्मिक आनंद से सराबोर कर दिया। सांस्कृतिक संध्या में रायपुर की सुश्री शिवली देवता, सुश्री भूमिसुता मिश्रा एवं सुश्री लिप्सा रानी बिस्वाल, कटक की डॉ. दीप्ति राउत्रे एवं खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने ओडिशी नृत्य की प्रस्तुति देकर मन मोह लिया। लखनऊ की श्रीमती श्वेता वर्मा और रायपुर की सुश्री इशिका गिरी ने कथक में अपनी अद्भुत कला का प्रदर्शन किया। संगीत की सरिता में प्रो.डॉ. लवली शर्मा (खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय) के सितार वादन ने वातावरण को और भी माधुर्य से भर दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान दर्शकों ने तालियों की गडग़ड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को जिला प्रशासन द्वारा शाल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बस्तर लोकसभा सांसद श्री महेश कश्यप विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने गणेश पूजन और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। सांसद श्री कश्यप ने कहा कि चक्रधर समारोह केवल रायगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर और पहचान है। उन्होंने इसे कला, संगीत और नृत्य साधना का अद्भुत संगम बताते हुए आयोजकों की सराहना की।

### जगन्नाथ स्वामी पर आधारित मनमोहक प्रस्तुति दी

रायपुर से आई ओडिशी कलाकार सुश्री शिवली देवता ने ओडिशी की मनमोहक प्रस्तुति से की। सुश्री शिवली एक निपुण ओडिसी नृत्यांगना है। ओडिशी नृत्य की उत्पत्ति उड़ीसा के मंदिरों से हुई है और यह नृत्य अपनी लयबद्ध गतियां, जटिल पद चालन तथा मंदिरों में उकेरी हुई मूर्तियों की मुद्राओं के लिए जाना जाता है। शिवली अपनी कोमल मुद्राओं भावपूर्ण अभिनय तथा तालबद्ध निपुणता के माध्यम से भारतीय महाकाव्यों की कालजयी कथाओं को जीवंत कर देती है। शिवली अपनी नृत्य प्रस्तुति को एक आध्यात्मिक अर्पण के रूप में लेती है जो हमारे पुरातन परंपरा को वर्तमान से जोड़ती है। रायपुर से आई प्रसिद्ध नर्तक,कलाकार सुश्री शिवली देवता द्वारा अपनी प्रस्तुति में पुरी के जगन्नाथ स्वामी पर आधारित मनमोहक प्रस्तुति दी गई। उन्होंने अपनी कलाओं के माध्यम से भावभंगिमाओं के साथ लयबद्ध तरीके से मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। सुश्री शिवली को विभिन्न प्रतिष्ठित मंचों पर उनकी प्रस्तुति के लिए सम्मानित किया गया है।

### छात्रों ने सिर पर कलश रखकर अद्भुत लोकनृत्य का किया प्रदर्शन

इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के छात्रों द्वारा छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर आधारित विविध छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य की मन को छूने और झुमाने वाली आकर्षक प्रस्तुति दी। उन्होंने सबसे पहले गणपति जगवंदन और गजानन स्वामी के जयकारे से अपने प्रस्तुति की शुरुआत की। कार्यक्रम स्थल पर दूर-दूर से पहुंचे सभी दर्शकों को आज कत्थक, भरतनाट्यम, ओडिसी, तबला, संतूर, सितार, भजन, गजल जैसे विभिन्न शास्त्रीय कलाओं के साथ साथ छत्तीसगढ़ के कलसा, ठीसकी चटकोला, रैला-रीना और करमा लोकनृत्य के रंगो में भी डूबने का अवसर मिला। छात्रों ने सिर पर कलश रखकर अद्भुत कलसा नृत्य का प्रदर्शन किया। जिसने छत्तीसगढ़ की लोक आस्था, पारंपरिक जीवन शैली और कलात्मक कौशल को बखूबी दर्शाया। जिससे पूरा चक्रधर समारोह छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति से सराबोर हो गया। इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ प्रदर्शन एवं ललित कलाओं के शोध में अग्रणी संस्थान है। यह कला, फैशन डिजाइनिंग, उच्च स्तरीय शोध कार्य आदि विभिन्न गतिविधियों के लिए संपन्न है। यह संस्थान लोक कला के प्रचार व संरक्षण के लिए लगातार कार्य कर रहा है।

### श्वेता ने कथक से चक्रधर समारोह में बिखेरी यश की चांदनी

प्रख्यात कलाकार श्रीमती श्वेता वर्मा ने पूरे चक्रधर समारोह में लखनऊ घराने के कथक नृत्य प्रदर्शन से यश की चांदनी बिखेरी। श्रीमती श्वेता वर्मा मात्र चार वर्ष की उम्र से नृत्य कला से जुड़ गई थी। 5 साल तक उन्होंने बनारस घराने के श्री लच्छू महाराज के शिष्य द्वारा कथक नृत्य सिखा। उन्होंने कथक और भारतीय शास्त्रीय गायन दोनों में विशारद की उपाधि प्राप्त की है। वर्तमान में वे लखनऊ घराने के कत्थक नृत्य में निपूर्ण है। बता दें कि इन्होंने हर वर्ष विभिन्न नृत्यों का प्रतिनिधित्व संगीत नाटक अकादमी में किया है। कथक नृत्यांगना श्रीमती श्वेता वर्मा ने 2015 में हॉर्टफियर, जेनेश्वर मिश्रा पार्क, लखनऊ में कथक प्रदर्शन, 2016 और 2018 में लखनऊ महोत्सव में कथक का प्रतिनिधित्व, 2019 में देव महोत्सव, बाराबंकी में प्रदर्शन, 2020 में गुरु आरती शुक्ला के साथ डिफेंस एक्सपो, लखनऊ में प्रदर्शन, 2021 में अलाउद्दीन खान संगीत समारोह मैहर में प्रदर्शन, अयोध्या के दीपोत्सव में प्रदर्शन, रामायण मेला, अयोध्या में प्रदर्शन, 2022 में अयोध्या में दीपोत्सव, सावन महोत्सव, उज्जैन में प्रदर्शन, आईआईटी रुड़की, लखनऊ के कार्यक्रम में प्रदर्शन, 2023 में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट, लखनऊ में कथक (रुद्रावतार) का प्रदर्शन, घुंघरू समारोह, जबलपुर में प्रदर्शन, 2024 में रामोत्सव अयोध्या में प्रदर्शन, आईआईटी रुड़की के कार्यक्रम में प्रदर्शन और 2025 में अस्सी घाट, वाराणसी में घाट संध्या कार्यक्रम में प्रदर्शन व बांदा महोत्सव में अपना मनमोहक प्रदर्शन देकर ख्याति प्राप्त कर चुकी है।

### रायगढ़ घराने की ठुमरी पर थिरकी बिलासपुर की इशिका

बिलासपुर की 14 वर्षीय प्रतिभाशाली कलाकार इशिका गिरी ने कथक नृत्य में मनमोहक प्रस्तुति दी। इशिका ने अपनी प्रस्तुति की शुरुआत सरस्वती वंदना से की, इसके बाद उन्होंने तोड़े-टुकड़े प्रस्तुत किए और अंत में महाराजा चक्रधर सिंह के रायगढ़ घराने की ठुमरी पर नृत्य कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कम उम्र में ही शास्त्रीय नृत्य में विशेष पहचान बना चुकी इशिका गिरी ने अब तक कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के मंचों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। वर्तमान में वे इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से सम्बद्ध कमलादेवी संगीत महाविद्यालय रायपुर में प्रो. डॉ. आरती सिंह के मार्गदर्शन में नृत्य की बारीकियां सीख रही हैं। वर्ष 2025 में भी इशिका ने भोरमदेव महोत्सव, महिला मड़ई सहित कई प्रतिष्ठित आयोजनों में अपनी नृत्य कला से छत्तीसगढ़ की संस्कृति का गौरव बढ़ाया है।

### नमामि राम राघवम और मोक्ष पर किया मंत्रमुग्ध

कटक (पूरी घाट) से आईं प्रख्यात नृत्यांगना डॉ. दीप्ति राउतरे और उनकी टीम ने मंच पर ऐसी मोहक नृत्य छटा बिखेरी कि पूरा सभागार तालियों की गडग़ड़ाहट से गूंज उठा। डॉ. राउतरे और उनकी टीम ने नमामि राम राघवम तथा मोक्ष पर नृत्याभिनय प्रस्तुत किया। उनकी प्रस्तुति ने भाव, राग और लय का ऐसा अद्वितीय संगम रचा कि भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र और उनके आदर्श मानो सजीव हो उठे। गीत के भावार्थ मैं उन राम को नमन करता हूँ, जो रघुवंशी, श्यामवर्ण, प्रजाप्रिय और सीता के पति हैं-को कलाकारों ने इतनी सुंदर अभिव्यक्ति दी कि दर्शक भावविभोर हो उठे।

### भूमिसूता एवं लिप्सा रानी ने दिखाया आकर्षक नृत्य कौशल

रायपुर जिले से आईं ओडिसी नृत्यांगनाएं सुश्री भूमिसूता मिश्रा एवं सुश्री लिप्सा रानी बिस्वाल ने अपने अद्वितीय नृत्य प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच पर उतरीं दोनों कलाकारों ने शास्त्रीय नृत्य की कोमलता, भावभंगिमाओं की गहराई और ताल-लय की अद्भुत प्रस्तुतियों से समारोह का आकर्षण और भी बढ़ा दिया। ओडिसी नृत्य की प्राचीन शैली को जीवंत करते हुए कलाकाराओं ने भगवान गणेश , राधा-रानी संग नाचे मुरली पर आधारित भावपूर्ण आकर्षक प्रस्तुति दी। अंग-संचालन, मुख-मुद्राएँ और पदचालन की सुंदर लयबद्धता ने दर्शकों को ओडिसा की सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखाई।


### सितार वादन की मधुर धुनों से प्रो.डॉ. शर्मा ने बांधा समां

इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ की कुलपति एवं देश की प्रख्यात सितार वादक प्रो. डॉ. लवली शर्मा ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। डॉ.शर्मा ने राग सरस्वती की स्वर लहरियों से जब सितार की तारों को छेड़ा, तो समारोह शास्त्रीय संगीत के मधुर वातावरण से गुंजायमान हो उठा। श्रोताओं ने प्रस्तुति का रसपान करते हुए तालियों की गडग़ड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया।

### पद्मश्री राधेश्याम की टीम ने गुरु घासीदास के संदेशों पर दी प्रस्तुति

छत्तीसगढ़ की लोकनृत्य परंपरा के ध्वजवाहक पद्मश्री राधेश्याम बारले की टीम ने पंथी नृत्य की अद्भुत प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। टीम ने गुरु घासीदास के संदेशों पर आधारित नृत्य की भाव-भंगिमाओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। सुर-ताल और लय की सटीकता से प्रस्तुति में लोकसंगीत और आध्यात्मिकता का सुंदर संगम दिखा। पद्मश्री श्री बारले पंथी नृत्य के सुप्रसिद्ध नर्तक हैं, जिनका नाम देश-दुनिया में मशहूर है।

## बगमुड़ा तालाब में एनएसएस का स्वच्छता अभियान



**घरघोड़ा।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तहत डॉ. भंवर सिंह पोर्ते कला विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय घरघोड़ा के छात्र-छात्राओं ने रविवार को बगमुड़ा तालाब की सफाई कर स्वच्छता की मिसाल पेश की। युवाओं के इस श्रमदान अभियान ने पूरे क्षेत्र को प्रेरणा दी।

अभियान की शुरुआत प्राचार्य जगदीश तिर्की, उपप्राचार्य एस.एल. साहू, एनएसएस प्रभारी दीपक ठाकुर और स्वीप प्रभारी राम प्यारे सूर्यवंशी की उपस्थिति में हुई। इस दौरान मोहित सिंह सिदार, दुर्गेश स्वर्णकार, रजनी सिदार, नैना टोप्पो सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं पूरे उत्साह से जुड़ गए। सफाई के दौरान लड़के तालाब की गहराई से कचरा और गंदगी निकालते रहे, वहीं छात्राओं ने पूरी मेहनत से उन ढेरों को ट्रैक्टर में भरकर बाहर निकाला। वरिष्ठ छात्र-छात्राओं राहुल बैरागी, शिवराज, शंकर, सुनीता, भानु समेत सैकड़ों युवाओं ने तालाब और उसके आसपास की सफाई कर ग्रामीणों को संदेश दिया कि जल स्रोतों की स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी है। प्राचार्य तिर्की ने छात्रों के प्रयास की सराहना करते हुए कहा जब युवा शक्ति एकजुट होती है, तो कोई भी कठिन काम आसान हो जाता है। बगमुड़ा तालाब घरघोड़ा की जीवनरेखा है, इसकी रक्षा करना सबकी जिम्मेदारी है।

## पुसौर में सेवा भूमि पर स्कूल और कई घर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

शासन द्वारा झांखर कोटवारों को दी गई अहस्तांतरित शासकीय सेवा भूमि का दुरुपयोग लगातार सामने आ रहा है। जिला मुख्यालय रायगढ़ में जहां इस भूमि पर कई बिल्डरों द्वारा कॉलोनियाँ बसाने और निजी सौदेबाजी का मामला चर्चा में है।

■ प्रशासन की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

वहीं पुसौर क्षेत्र में भी सालों पहले इसी सेवा भूमि पर एक स्कूल और कई मकान खड़े हो चुके हैं।

स्थानीय राजस्व अमला से लेकर ग्राम पंचायत और नगर पंचायत तक इस तथ्य से भली-भांति अवगत रहे हैं, बावजूद इसके इन जमीनों पर पीएम आवास तक स्वीकृत और वितरित किए जा चुके हैं। यह स्थिति सिर्फ पुसौर तक सीमित नहीं है, बल्कि आसपास के



कई ग्रामों में भी देखी जा सकती है। जानकारी के अनुसार, कई झांकर और कोटवारों ने अपनी सेवा भूमि को स्टाम्प पेपर पर निजी रूप से बेचने का प्रयास किया और कम दर पर उपलब्ध होने के कारण कई गरीब परिवारों ने वहाँ अपना आशियाना बना लिया। वहीं, कुछ रसूखदार लोगों ने भी इन भूमियों पर कब्जा कर रखा है और लंबे समय से उनका उपभोग कर रहे हैं। राजस्व विभाग की ओर से हमेशा यही कहा जाता है कि शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी लेकिन अब तक किसी भी स्तर पर ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। जबकि तथ्य यह है कि सेवा भूमि प्रायः गांवों और कस्बों की बेहतरीन लोकेशन में होती है, जिस पर कब्जे की प्रवृत्ति लगातार बढ़ रही है।

### पूर्व सरकार ने रकबा सुधार का किया था प्रयास

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने शासकीय नंबरी और आबादी भूमि के नक्शा-खसरा एवं रकबा सुधार की योजना शुरू की थी, जिसमें कई गरीब परिवारों को लाभ भी मिला। लेकिन जब यह प्रक्रिया रसूखदारों तक पहुँचने लगी तो योजना को बीच में ही रोक दिया गया। सरकार बदलने के बाद इस पहल को महत्व नहीं दिया गया, जबकि कुछ योजनाएँ जैसे सोसायटी चुनाव जरूर दोबारा लागू की गईं।

## ब्रह्माकुमारीज का किसान सम्मेलन



**सरिया।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सरिया द्वारा रविवार को शाश्वत यौगिक खेती विषय पर एक दिवसीय किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि महाविद्यालय रायगढ़ के डीन एके सिंह सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया।

इस अवसर पर बीके सरिता बहन ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि मन और तन के लिए शुद्ध अन्न अत्यंत आवश्यक है। शुद्ध अन्न से तनाव और अवसाद समाप्त होता है। शाश्वत यौगिक खेती न केवल किसानों को आर्थिक समृद्धि दिला सकती हैए बल्कि इससे समाज को भी शुद्ध और स्वास्थ्यवर्धक अन्न मिलेगा। उन्होंने कहा कि संस्था के कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग किसानों के हित में लगातार कार्य कर रहा है। मुख्य अतिथि एके सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था जैविक और यौगिक खेती को बढ़ावा देकर समाज के लिए अनुकरणीय कार्य कर रही है। रासायनिक खाद और कीटनाशकों के अधिक प्रयोग से लोगों में बीमारियां बढ़ रही हैं, ऐसे में किसानों को जैविक खेती अपनाकर देश को शुद्ध अन्न प्रदान करना होगा। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे इस पहल को अपनी खेती में प्रयोग करें।

### गवाहों को मिल रही धमकी, एसपी दफ्तर पहुंचा पीड़ित परिवार

# आरोपी खुलेआम घूम रहा, पीड़ित परिवार दहशत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा/बिलाईगढ़

जिले के सलिहा थाना क्षेत्र के कुसभाठा गांव हत्याकांड में पुलिस की कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। मृतक सोहनलाल मरकाम के परिजनों ने आरोप लगाया है कि घटना को डेढ़ महीना बीत जाने के बावजूद भी हत्याकांड में शामिल कई आरोपी खुलेआम गांव में घूम रहे हैं और लगातार उन्हें जान से मारने की धमकियाँ दे रहे हैं। इसी डर और न्याय की आस में शनिवार को पीड़ित परिवार अपने बच्चों और ग्रामीणों के साथ एसपी कार्यालय सारंगढ़ पहुँचा और कड़ी कार्रवाई की मांग की।

परिजनों ने बताया कि घटना 16 जुलाई 2025 की है। खेत में काम कर रहे सोहनलाल मरकाम पर गांव के 15-17 लोगों ने टंगिया और कुल्हाड़ी से हमला किया।




जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हमले के दौरान मृतक के परिजनों को भी बुरी तरह पीटा गया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने अब तक सिर्फ 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है, जबकि बाकी आरोपी न केवल गांव में खुले घूम रहे हैं, बल्कि धमकियाँ भी दे रहे हैं कि केस वापस ले लो वरना अंजाम भुगतना पड़ेगा।

### पीड़िता ने लगाई एसपी से फरियाद

पीड़िता ने एसपी से कहा कि मैंने अपनी आँखों से देखा कि मेरे पति पर कुल्हाड़ी और टंगिया से हमला किया गया। हम लोग जान बचाकर भागे। आज तक बाकी आरोपी गिरफ्त से बाहर हैं और रोज डराते हैं कि केस वापस लो, वरना जान से मार देंगे। गांव के ग्रामीणों ने भी पुलिस प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि घटना के कई चश्मदीद गवाह मौजूद हैं, बावजूद इसके अब तक सभी आरोपियों पर कार्रवाई नहीं हुई।

### एसपी ने दिया कार्रवाई का भरोसा

एसपी ने पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया कि जल्द ही बाकी फरार आरोपियों की गिरफ्तारी कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि डेढ़ महीने बाद भी आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं, तो क्या पुलिस प्रशासन अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह निभा पा रहा है?

हरिभूमि

पाठकों के लिए माह अगस्त 2025 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह अगस्त 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 सितंबर 2025 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर





गोवा-बाम्बे

महालक्मी टेम्पल, हाजीअली, सिद्धिविनायक, गेटवे ऑफ इंडिया, होटल ताज, जुहू चौपाटी, नॉर्थ साउथ गोवा - कोलवा बीच, सेंत जोवेलियर्स चर्च, अंजुमन बीच, डोलपन बीच, कलांगुटे बीच

6 सितंबर, 6 अक्टूबर, 10 नवंबर, 20 दिसंबर

राशि:-स्लीपर -12,500/-, 3 एसी- 22,500/-, (+5%GST)

Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411